समाचार

# पौने 37 करोड़ रू. की '' इम्प्रूवमेंट टू कोरबा वाटर सप्लाई स्कीम ''  डी.एम.एफ. से स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन, जनप्रतिनिधि व आमनागरिक दे सकते हैं अपने सुझाव

## (कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोहडिया जलउपचार संयंत्र स्थल का किया निरीक्षण, उक्त स्कीम के प्रस्तावित विभिन्न कार्यो पर ली समीक्षात्मक जानकारी, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश)



कोरबा 24 मई 2025 – नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत ऐसे क्षेत्र, बस्तियॉ व टेल एरियाज जहॉ पर पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है, पानी का प्रेशर कम रहता है, वहॉ पर पर्याप्त जलापूर्ति करने व आगामी 30 वर्षो की पेयजल आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पौने 37 करोड़ रूपये की लागत से प्रस्तावित '' इम्प्रूवमेंट टू कोरबा वाटर सप्लाई स्कीम '' जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृति हेतु प्रक्रियाधीन है, नगर के जनप्रतिनिधि व आमनागरिकगण उक्त स्कीम के संबंध में अपने सुझाव नगर निगम कार्यालय अथवा कलेक्ट्रेट में प्रस्तुत कर सकते हैं ताकि उनके औचित्यपूर्ण सुझावों को भी स्कीम में शामिल किया जा सके। आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोहड़िया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया तथा उक्त स्कीम में प्रस्तावित

विभिन्न अवयवों व कार्यो की समीक्षात्मक जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वर्तमान में कोहड़िया स्थित 79.81 एम.एल.डी. की क्षमता वाले 04 जल उपचार संयंत्रों के माध्मय से जल को उपचारित कर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति निगम क्षेत्र में की जाती है। क्षेत्र की अनेक अंतिम छोर की बस्तियों व क्षेत्रों में पानी का प्रेशर कम होने के कारण पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती है, इन क्षेत्रों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने व आगामी 30 वर्षो की पेयजल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा पी.एच.ई.–एस.ओ.आर. के आधार पर 37 करोड़ रूपये की लागत से '' इम्प्रूवमेंट टू कोरबा वाटर सप्लाई स्कीम '' तैयार की गई है जो जिला खनिज न्यास मद से स्वीकृति हेतु वर्तमान में प्रक्रियाधीन है। आज कलेक्टर श्री अजीत वसंत अधिकारियों की टीम के साथ कोहड़िया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे, उन्होने उक्त प्रस्तावित वाटर सप्लाई स्कीम के विस्तारित कार्य सहित वहॉ पर स्थित विभिन्न एम.एल.डी.क्षमता वाले जल उपचार संयंत्रों का सघन रूप से निरीक्षण किया, वर्तमान में निगम द्वारा संचालित जल आपूर्ति व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली, निगम क्षेत्र में प्रतिदिन कितने एम.एल.डी. जल की आपूर्ति की जाती है, ऐसे कौन–कौन से क्षेत्र हैं, जहॉ पर पर्याप्त पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है, इस योजना के कियान्वयन से इन क्षेत्रों के साथ–साथ निगम की सम्पूर्ण जल प्रदाय व्यवस्था में क्या सुधार होगा आदि की समीक्षात्मक जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर निगम के प्रभारी आयुक्त श्री विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता श्री सुरेश बरूवा, कार्यपालन अभियंता जलप्रदाय श्री राकेश मसीह, उप अभियंता प्रमोद जगत, सलाहकार जे.एस.भूतांगे आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**इन क्षेत्रों में हो सकेगी पर्याप्त जलापूर्ति** – उक्त वाटर सप्लाई स्कीम के कियान्वयन से नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र की सुदूर व अंतिम छोर की बस्तियों दादरखुर्द, ढेलवाडीह, खरमोरा, मानिकपुर, भिलाईखुर्द क. 01, 02 व 03, बरबसपुर, कर्रानाला, रूमगरा, बेलगिरी बस्ती, प्रगतिनगर, नदियाखंड, इमलीडुग्गू, विकासनगर, पोखरीपारा, प्रधानमंत्री आवास योजना दादर के 2784 आवासगृहों तक तथा निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्थित हाउसिंग बोर्ड कालोनियों सहित अन्य टेल एरियाज में पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

**पुराने 06 एम.एल.डी. के स्थान पर 20 एम.एल.डी.निर्माण की योजना** – उक्त वाटर सप्लाई स्कीम के अंतर्गत कोहड़िया स्थित 35 वर्ष पुराने 06 एम.एल.डी. क्षमता वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को विस्तारित करते हुए 20 एम.एल.डी. की क्षमता का जल उपचार संयंत्र बनाया जाएगा, इस ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर 09 करोड़ 24 लाख रूपये का व्यय प्राक्कलित किया गया है।

**15 किलोमीटर पाईप लाईन व 03 ओव्हरहैड टैंक** – स्कीम के अंतर्गत विभिन्न ब्यास के लगभग 15 किलोमीटर पाईप लाईन जिसमें राईजिंग मेन लाईन व ग्रेविएटी मेन लाईन तथा वितरण पाईप लाईन आदि शामिल हैं, बिछाई जाएंगी, साथ ही दादरखुर्द, भिलाईखुर्द, रूमगरा में कुल 03 ओव्हरहैड टैंक निर्मित कराए जाएंगे, 4580 किलो लीटर क्षमता वाले इन 03 ओव्हरहैड टैंकों के

निर्माण में 09 करोड़ 87 लाख रूपये का व्यय प्राक्कलित है, वहीं 15 किलोमीटर की राईजिंग मेन लाईन, ग्रेविएटी मेन लाईन व वितरण पाईप लाईन बिछाने में 15 करोड़ 72 लाख रूपये का व्यय संभावित है। इसी प्रकार अन्य पम्प व मशीनरी पर साढ़े 45 लाख रूपये का व्यय आएगा।